D P WIRES LIMITED
+91 88789 31861, +91 7412 261130
info@dpwires.co.in, investors@dpwires.co.in
www.dpwires.co.in

Date: - August 17th 2025

| | |
|---|---|
| To,<br>**National Stock Exchange of India Limited,**<br>Listing Department Exchange Plaza,C-1 Block-G,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra(E) ,Mumbai-400051 | To, **Bombay Stock Exchange,**<br>Listing Department,<br>P.J. Tower, Dalal Street ,Fort,<br>Mumbai-400001 |

Dear Sir / Madam,

**Reference: -NSE Scrip – DPWIRES & BSE Scrip: 543962, ISIN: - INE864X01013**
**Sub: Newspaper Publication of the Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June 2025**

Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Please find attached the newspaper publication of the Unaudited Financial Results (Standalone) for the quarter ended 30th June 2025 published in choutha sansar(Vernacular language)and English newspaper Fee press on 17th August 2025.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours Faithfully,
**For DP Wires Limited**

KRUTIKA MAHESHWARI
Digitally signed by KRUTIKA MAHESHWARI
Date: 2025.08.19 18:03:15 +05'30'

**Krutika Maheshwari**
Company Secretary and Compliance officer

Date: - 17/08/2025
Place: - Ratlam

एक नजर

## आज और कल 18 अगस्त को कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में कई क्षेत्रों में भारी बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने दो जिलों में अति भारी और 13 में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के बीच से एक टर्फ गुजर रही है। साथ ही साइक्लोनिक सकुर्लेशन का भी असर है। इस वजह से प्रदेश के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में तेज बारिश का दौर है। मौसम विभाग के अनुसार बैतूल और बुरहानपुर में अगले 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, देवास, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में साढ़े 4 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस पर कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। बड़वानी, शाजापुर, धार, नर्मदापुरम, भोपाल समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मध्यप्रदेश से एक ट्रफ गुजर रही है। वहीं, एक मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी एक्टिव है। इस वजह से बारिश का दौर बना हुआ है। लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) की भी एक्टिविटी है। 17 अगस्त को भी कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। इसके बाद 18 अगस्त से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा। जिससे कई जिलों में अति भारी या भारी बारिश होगी।

## सुरक्षा के बीच बीटेक छात्र की हत्या छिंदवाड़ा जिले का रहने वाला था युवक

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच एक बीटेक छात्र की सेराह चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई है। पुलिस ने अज्ञता के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन हत्या किसने और क्यों की, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अज्ञता के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन हत्या किसने और क्यों की, इसका पता नहीं चल पाया है। मृतक छात्र के परिजन छिंदवाड़ा से भोपाल पहुंच गए हैं।बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान के अनुसार 22 वर्षीय नीतेश चंद्रवंशी मूलतः छिंदवाड़ा जिले के ग्राम मूसादेही का रहने वाला था। वह भोपाल में रहकर कोकता स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कंपनी में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। युवक गरीब परिवार का होने के कारण घर का खर्च चलाने के लिए वह वॉयर बनाने वाली एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। कॉलेज से वापस आने के बाद वह ड्यूटी करता था और देर रात घर लौटता था। 14 अगस्त की रात को वह ड्यूटी से कोकता में अपने किराए के कमरे पर लौट रहा था। कंपनी की बस ने उसे चौराहे पर उतारा, इसके बाद वह पैदल ही अपने कमरे की तरफ जा रहा था। इसी बीच किसी ने उस पर हमला किया और चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना प्रभारी चौहान ने बताया कि नीतेश चंद्रवंशी ने लहूलुहान हालत में अपने दोस्त और रूममेट प्रशांत को फोन पर हमला होने की जानकारी दी थी। इसके बाद उसके दोस्त अन्य युवकों के साथ मौके पर पहुंचा और उसको एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल मुख्यमंत्री निवास हुआ कृष्णमय

## जहां-जहां श्रीकृष्ण के चरण पड़े,उन स्थलों को विकसित कर रहे हैं तीर्थ के रूप में:मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं, वह हमारे लिए वंदनीय हैं। हमारी सरकार श्रीकृष्ण की चिरस्मृतियों से जुड़े सभी स्थानों एवं लीलास्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि राम वनगमन पथ की तरह हम श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए काम कर रहे हैं। इसके अंतर्गत उज्जैन के सांदीपनि आश्रम, धार के जानापाव और अमझेरा को तीर्थ बनाया जाएगा। ये सभी स्थान गोकुल जितने ही पवित्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध करके तत्कालीन समय में प्रजातंत्र की स्थापना की। माखन से गोपाल कृष्ण और बलराम का विशेष लगाव था। गोकुल से यह माखन मथुरा न पहुंच पाए। इसलिए श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में ही अपने साथियों की टीम बनाई और गोकुल ले जाई जा रही माखन की मटकियों को फोड़ना प्रारंभ कर दिया। यह एक प्रकार से तत्कालीन अतिवादी ताकतों के खिलाफ खुले विद्रोह के समान था। योगीराज श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में विभिन्न लीलाओं के जरिए समाज के समक्ष जीवन का कर्मवादी ध्येय प्रस्तुत किया।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व, हलधर महोत्सव और लीलाधर प्रकटोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्माष्टमी के भव्य समारोह में इस्कॉन मंदिर के पुजारी के मंत्रोच्चार के बीच बालगोपाल कृष्ण स्वरूप का जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस्कॉन इंटरनेशनल संस्था की ओर से कार्यक्रम में शामिल हुए धर्मप्रेमी बंधुओं को भगवान श्रीकृष्ण (लड्डू गोपाल) की प्रतिमा, कृष्ण साहित्य एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कौरव- पांडवों के बीच हुए भीषण युद्ध महाभारत में अर्जुन को गीता का उपदेश दिया और सदैव धर्म की रक्षा के लिए पांडवों के साथ खड़े रहे। श्रीकृष्ण ने द्वारकापुरी छोड़ते समय अपने पुत्र को सिंहासन पर नहीं बिठाया। वे अपने सिर पर सदैव मोरमुकुट धारण करते थे। इस प्रकार से योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अपनी ग्रामीण सांस्कृतिक विरासत को हमेशा अपने सर माथे से लगाए रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार श्रीकृष्ण के ज्ञान, उनके उपदेश और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने गौमाता के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की है।

# वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को 6वां वेतनमान

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सीएम डॉ.मोहन यादव ने उनके लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए छठवें वेतनमान की घोषणा की। सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा कि ऐसे सुरक्षाकर्मियों को छठवें वेतनमान का भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस विभाग के पदक विजेता अधिकारियों-कर्मचारियों के सम्मान समारोह में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री निवास पर यह राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया था। इस अवसर पर 65 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कार्यक्रम में कहा कि पुलिस बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति में अपना दायित्व का निर्वहन करती है। इसलिए इनका कल्याण हमारी प्राथमिकता है। अभी पुलिस विभाग की भर्ती कर्मचारी चयन मंडल से होती है जिसमें ज्यादा वक्त लग जाता है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस दिक्कत को दूर करने के लिए प्रदेश में मप्र पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन करने की घोषणा की। उन्होंने आशा जताई कि इससे पुलिस भर्तियों में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा। सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए स्वीकृत पदों की भर्ती मप्र पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा की जाएगी। आगामी वर्षों की भर्तियां 'पुलिस भर्ती बोर्ड' द्वारा ही की जाएंगी। उन्होंने पुलिस, जेल और नगर सेना एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी कोर्सेस में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण देने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सुरक्षाकर्मियों के वेतनमान के संबंध में भी बड़ा ऐलान किया। उन्होंने वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों, अधिकारियों को छठवें वेतनमान का पद पात्रतानुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता देने की घोषणा की। सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण और भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जल्द ही गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक बुलाने की भी बात कही।

**12 पुलिस अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक**-कार्यक्रम में प्रदेश के 12 पुलिस अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 8 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए जेल, नगर सेवा एवं नगर सुरक्षा के 3 अधिकारियों को विशिष्ट सेवा पदक दिए गए। इसके साथ ही 32 पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, 5 जेल पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक तथा नगर सेवा एवं नगर सुरक्षा के 8 अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
### जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

विज्ञप्ति क्रमांक: 51 **निविदा सूचना** दिनांक: 13.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_444251 13.08.2025 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत खेड़ापति हुनमान मंदिर से मकान नं. 36/4, तक नई ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹4,31,809/- | ₹2,000/- ₹4,400/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 02 | 2025_UAD_444252 13.08.2025 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत न्यू राम नगर, राम नगर, न्यू जगदीश नगर ड्रेनेज लाईन डालने का कार्य। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹8,25,462/- | ₹2,000/- ₹8,300/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 03 | 2025_UAD_444254 13.08.2025 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत राम मंदिर व राम नगर चार पट्टी स्थित कुएं की सफाई व आवशयक कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹5,18,837/- | ₹2,000/- ₹5,200/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 04 | 2025_UAD_444255 13.08.2025 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत सीतादेवी स्कूल के पास गोविंद सेन की गली में ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹5,13,221/- | ₹2,000/- ₹5,200/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 05 | 2025_UAD_444256 13.08.2025 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 14 स्थित अम्बिकापुरी एक्सटेंशन में 10 दुकान के पास ड्रेनेज लाईन डालना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹4,67,794/- | ₹2,000/- ₹4,700/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 06 | 2025_UAD_444257 13.08.2025 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 54 के अंतर्गत सूर्यसुखम कॉलोनी में म.नं. बी.-1 से बी.-07 होते हुए म.नं. 01 तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹8,72,918/- | ₹2,000/- ₹8,800/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 07 | 2025_UAD_444259 13.08.2025 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत सामुदायिक भवन चिटनिश का पूर्वा लालाराम से मेननजी के घर तक पार्षद निधि द्वारा ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹2,85,763/- | ₹2,000/- ₹2,900/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 08 | 2025_UAD_444261 13.08.2025 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 54 के अंतर्गत भील कॉलोनी मुनिया बाई की गली में म. नं. 155 से 204 तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹8,90,337/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 09 | 2025_UAD_444262 13.08.2025 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 52 के अंतर्गत स्थित आयडिया मल्टी ब्लॉक में रवि नगर मेनरोड़ तक ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹5,50,917/- | ₹2,000/- ₹5,600/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |
| 10 | 2025_UAD_444263 13.08.2025 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अंतर्गत चंद्रलोक कॉलोनी में गार्डन के समीप पुरानी एवं जर्जर ड्रेनेज के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (पंचम बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹8,33,242/- | ₹2,000/- ₹8,400/- | 20-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 21-08-2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर


# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के गौरव और उत्कर्ष का समय-डॉ.यादव

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया। प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को बधाई दीं। इसके साथ ही महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों की एक लंबी लड़ाई और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आज का यह पावन पर्व हमारे लिए सबसे बड़ा त्यौहार है। हम सब का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान लगातार बढ़ रहा है। यह स्वर्णिम काल है और हम उसके साक्षी हैं, लेकिन हमें भूलना नहीं है उन अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और जिन क्रांतिकारियों को, जिनके बलिदान से हमें आजादी मिली। यह अवसर उन वीर सैनिकों का अभिनंदन करने का है। यह झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंती बाई, रानी दुर्गावती, झलकारी बाई, टंट्या मामा, भीमा नायक, तात्या टोपे, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे उन सभी बलिदानियों का स्मरण करने का भी अवसर है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर भारत माता को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लगातार देश को आगे बढ़ाने का कार्य रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आने वाला कार्यकाल भी उनकी सौम्यता, सक्षमता और भारत को उत्कर्ष की दिशा में लेकर जाएगा और भारत 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा होगा। मुझे इस बात का गर्व है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मजबूत हाथों में है। हम प्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में हर आवश्यक कदम उठा रहे हैं। आज देश की कमान सशक्त और मजबूत हाथों में है-

**हेमंत खण्डेलवाल**

खण्डेलवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लाखों लोगों के बलिदान के बाद देश को आजादी मिली है। आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालो का बलिदान व्यर्थ न जाए इसकी चिंता एक-एक कार्यकर्ता को करना है। आज देश और प्रदेश सशक्त और मजबूत हाथों में है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी हर वर्ग, हर क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रहे हैं और इसी का परिणाम है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जो जनहित के कार्य हो रहे हैं। उन्हें जन-जन पहुंचाने का कार्य हम सबको करना है।


### नाम परिवर्तन सूचना

पासपोर्ट में मेरा नाम GOURAV DALAL अंकित है जो कि गलत है, मेरा सही नाम GAURAV DALAL है। मेरे सभी डाक्युमेंट भी इसी नाम से है। अतः पासपोर्ट में मेरा सही नाम GAURAV DALAL करने हेतु यह सूचना जारी की गई है।

**गौरव दलाल**
31 स चंद्रगुप्त मार्ग
बुरहानपुर म.प्र. 450331


# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अटलजी की पुण्यतिथि पर किया नमन



भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शौर्य स्मारक के समीप उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्व.अटल जी देश सेवा की महान मिसाल थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन देश को समर्पित कर दिया। कठिन से कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने कभी राष्ट्र के हितों से समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल जी ने भारत को विकास की नई दिशा दी और उनके अमूल्य विचार सदैव जन-जन के जीवन को आलोकित करते रहेंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, खजुराहो सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, समाजसेवी हितानंद शर्मा, रवीन्द्र यति, सुमित पचौरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण, को सूचित किया जाता हैं, कि मेरे पक्षकार अम्बाराम आत्मज श्री भागीरथ, निवासी ग्राम पिवडाय, तहसील व जिला इन्दौर म0प्र0 ने विक्रेता सरदार सिंह आत्मज श्री हीरालाल, जाति बलाई निवासी ग्राम कांकरियाखेड़ी, तहसील जावर, जिला सीहोर से उनके स्वामित्व, आधिपत्य व हक, हिस्से की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 684/3/2/2, रकबा 0.8090 हैक्टेयर में से रकबा 0.2830 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम झिलेला, तहसील जावर, जिला सीहोर म0प्र0 की भूमि एवं विक्रेतागण दिलीप सिंह उर्फ दलीप सिंह आत्मज श्री घासीराम एवं सुरेन्द्र सिंह आत्मज श्री घासीराम, दोनो जाति बलाई एवं निवासी ग्राम कांकरियाखेड़ी, तहसील जावर, जिला सीहोर से उनके स्वामित्व, आधिपत्य व हक, हिस्से की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 681/1/2/2, रकबा 1.6190 हैक्टेयर में से रकबा 0.4050 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम झिलेला, तहसील जावर, जिला सीहोर म0प्र0 की भूमि को क्रय करने का अनुबंध पत्र कर, मेरे पक्षकार ने बयाना/टोकन राशि का भुगतान कर दिया हैं, जिसकी रजिस्ट्री होना शेष हैं। यदि उक्त कृषि भूमि के विक्रय किये जाने में किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, साहूकार, संस्था, फर्म, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों इत्यादि को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय अनुबंधित आदि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा समय सीमा समाप्त होने के उपरांत मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा। ऐसी स्थिति में भविष्य में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था की आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक - 16.08.2025

भवदीय
(आर.सी. मालवीय एडवोकेट)
कार्यालय -- राधा कृष्ण मंदिर परिसर,
कन्या शाला रोड़, गामी गैस एजेन्सी के पास,
सोसायटी के सामने आष्टा, जिला सीहोर म0प्र0
मो. 9827852955, 9407532705



## ALLIGO HORIZON PRIVATE LIMITED

Address: Godown No. 605, Shramik Colony, Rau, Indore

In pursuance to the Gazette Notification No. S.O. 2900(E) dated 24th October, 2015, issued by Department of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India, mentioned under Appendix-7 of The Fertilizer Control Order, 1985, the Company, hereby notifies that it intends to sell following 9 Grades of 100% Water Soluble Mixture of Fertilizer, as per specifications given:

| Sr. No. | Grade of Fertilizer | Nitrogen as N (%min) | Water Soluble Phosphate as P2O5 by weight (%min) | Water Soluble Potash as K2O (%min) | Calcium as Ca Soluble in Water |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NPK 19:19:19 (WSF) | 19 | 19 | 19 | 0 |
| 2. | NPK 13:40:13 (WSF) | 13 | 40 | 13 | 0 |
| 3. | NPK 00:54:17 (WSF) | 0 | 54 | 17 | 0 |
| 4. | NPK 08:24:24 (WSF) | 08 | 24 | 24 | 0 |
| 5. | Calcium Nitrate 100% (WS) | 15.5 | 0 | 0 | 18.5 |
| 6. | Potassium Sulphate 0:0:50 (WS) | 0 | 0 | 50 | 0 |
| 7. | Mono Potassium Phosphate 0:52:34 (WS) | 0 | 52 | 34 | 0 |
| 8. | Mono Ammonium Phosphate 12:61:0 (WS) | 12 | 61 | 0 | 0 |
| 9. | Potassium Nitrate 13:0:45 (WS) | 13 | 0 | 45 | 0 |

E-mail : alligoonline@gmail.com, Phone: 8007775757



## D.P. WIRES LIMITED

16-18A, INDUSTRIAL ESTATE, RATLAM (M.P.) 457001 L27100MP1998PLC029523
Website : www.dpwires.co.in Email : investors@dpwires.co.in

**EXTRACT OF FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED ON 30TH JUNE 2025**

(Rs. in Lakh except EPS)

| | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30th June, 2025 Unaudited | 31st March, 2025 Audited | 30th June, 2024 Unaudited | 31st March, 2025 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 12833.96 | 14014.99 | 18410.84 | 62982.81 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional item) | 487.69 | 583.98 | 956.66 | 2997.28 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional item) | 487.69 | 583.98 | 956.66 | 2997.28 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional item) | 359.70 | 403.73 | 718.79 | 2220.49 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 360.34 | 403.97 | 719.56 | 2223.04 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10 each) | 1550.04 | 1550.04 | 1550.04 | 1550.04 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as per the audited Balance Sheet of the previous year) | -- | -- | -- | -- |
| 8 | Earnings Per Share (face value of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | Basic: (not annualized for the quarter ended) | 2.32 | 2.60 | 4.64 | 14.33 |
| | Diluted: (not annualized for the quarter ended) | 2.32 | 2.60 | 4.64 | 14.33 |

Notes: -
1. The above financial is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the National Stock Exchange of India Limited and BSE under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results for the quarter ended 30th June 2025 are available on the Website of NSE & BSE at www.nseindia.com& www.bseindia.comand Company's website at www.dpwires.co.in
2. The above financial results have been prepared in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the Ind AS prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with relevant rules issued there under and other accounting principles generally accepted in India and in compliance with regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015(As amended), including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Date: August 14, 2025
Place: Ratlam

For, D. P. WIRES LIMITED
Sd/-
PRAVEEN KATARIA (MANAGING DIRECTOR)
DIN No. - 00088633

## SP Briefs

NEW DELHI

### Indian boxers in China for Gala

A 59-member Indian boxing contingent has arrived in Urumqi, China, to participate in the "Belt and Road" International Youth Boxing Gala. The squad, comprising 20 boys and 20 girls, will participate in a training camp followed by a competition.

CINCINNATI

### Rybakina, Alcaraz reach semis



Elena Rybakina advanced to the Cincinnati Open semifinals with a dominant victory over defending champion Aryna Sabalenka. In the men's draw, Carlos Alcaraz battled past Andrey Rublev to also secure his spot in the last four of the tournament.

CHENNAI


### Sai Kishore ruled out with injury



Tamil Nadu cricket captain Sai Kishore will miss the Buchi Babu tournament due to a hand injury sustained during a club match. The spin-bowling all-rounder, who is also part of the South Zone squad, is aiming for a full recovery before the Duleep Trophy starts on August 28.

PORTLAND

### Aditi Ashok makes LPGA cut



Indian golfer Aditi Ashok has made the cut at the Standard Portland Classic after finishing the second round with a 2-under 70. This places her in a tie for 27th at 5-under par for the tournament. Indian-American Gurleen Kaur is tied for second place.

**FROM CREASE TO COACH'S CHAIR | Discipline defined him, an era remembered him**

# Bob Simpson - The captain, coach & custodian who made Aus great again

IANS

SYDNEY

Australian cricket is mourning the loss of one of its greatest architects, Bob Simpson, who passed away in Sydney on Saturday at the age of 89. A true all-round servant of the game, Simpson's career spanned over four decades as a master batsman, leg-spinner, inspirational captain, era-defining coach, and mentor.

Nicknamed "Simmo", Simpson played 62 Tests, scoring 4,869 runs at 46.81, with 10 centuries, 27 fifties and a highest of 311 against England in 1964—part of a then-record 1,381 runs in a single calendar year. He also chipped in with 71 wickets and a sharp 110 catches, underlining his reputation as one of the finest slip fielders of his time.

Cricket Australia chairman Mike Baird hailed him as "one of the greats of Australian cricket", adding: "Bob's wisdom revitalised Australian cricket during its darkest days."

Simpson's impact extended far beyond the numbers. After retiring in 1968, he returned at 41 to captain an Australia gutted by the World Series Cricket exodus in 1977, leading them to a fighting win over India. But it was his decade-long tenure as Australia's first



full-time coach (1986–1996) that changed the game's history:

1987 World Cup triumph in India,

1989 Ashes conquest in England,

1995 series win in the Caribbean, ending West Indies' 15-year dominance.

"No one gave more to Australian cricket than Bob Simpson," wrote former captain Steve Waugh, crediting him for making Australia a dominant force. "He made me a better player, and he made Australian cricket great."

From Sourav Ganguly, who called him "a gentleman to the core" and recalled their 1999 World Cup stint together, to Matthew Hayden, who said, "Simmo's wisdom and love for fielding took my game to another level," tributes poured in from across the globe.

Australian Prime Minister Anthony Albanese summed it up: "As a player, captain and then era-defining coach, he set the highest of standards. He will be long remembered by the game he loved."

Simpson's legacy is enshrined in honours—Order of Australia (1978, 2007), induction into the Sport Australia Hall of Fame (1985) and the Australian Cricket Hall of Fame (2006).

Tonight, Australia will observe a moment's silence and don black armbands in Cairns against South Africa, bidding farewell to the man who shaped modern Australian cricket.

# Tanya triumphs in Saipan

**SHUTTLE STARLET | Indian top seed smashes to fourth international crown**



PTI

NEW DELHI

India's rising badminton star Tanya Hemanth stamped her authority at the Saipan International 2025, lifting the women's singles crown with a straight-game victory over Japan's Kanae Sakai at the Oleai Sports Complex, Northern Mariana Islands, on Saturday.

The 21-year-old top seed, ranked 86 in the world, lived up to her billing, outclassing Sakai 15-10, 15-8 to capture her fourth international series title.

#### FEATHER IN HER CAP

With this win, Tanya adds the Saipan International to her trophy cabinet, which already features titles at the India International (2022), Iran Fajr International (2023), and Bendigo International (2024). She also finished runner-up at the Azerbaijan International (2024), narrowly missing out to fellow Indian Malvika Bansod.

#### JOURNEY TO THE TITLE

Round of 16: Beat Japan's Nodoka Sunakawa

Quarterfinals: Defeated Singapore's Lee Xin Yi Megan

Semifinals: Overcame Japan's Ririna Hiramoto

Final: Tamed Japan's Kanae Sakai in straight games

#### NEW FORMAT, SAME DOMINANCE

The Saipan International was part of the BWF's experimental 3x15 scoring system, where each game is played to 15 points instead of the conventional 21. Tanya adapted seamlessly, showing her versatility and composure under pressure.

The Big Picture: Tanya's victory not only marks another milestone in her blossoming career but also reinforces India's growing depth in women's badminton on the international stage.

# MESSI MAGIC IN KERALA?

**Sports min kicks back doubts, confirms Argentina visit**

IANS

THIRUVANANTHAPURAM

The football frenzy in Kerala touched fever pitch once again as State Sports Minister V Abdurahiman reiterated that Lionel Messi and the Argentina national team will indeed land in Kerala this November—dispelling clouds of doubt and political crossfire.



#### MINISTER'S CLARITY, MESSI'S CONFIRMATION?

Facing criticism from the opposition Congress, which accused the government of "raising false hopes," Abdurahiman struck a confident tone: "So far, the Argentina team has not said they will skip Kerala. On the contrary, the government has been informed of their arrival in November. Necessary security arrangements have already been requested for the team," the Minister assured.

#### CONTRACT CHAOS, BUT HOPE RESTORED

Earlier, the Argentina Football Association (AFA) had accused the Kerala government of breaching contractual obligations, with AFA's Head of Marketing Leandro Peterson claiming the deal had collapsed. The Congress latched onto that statement, calling out the state for "fooling fans."

But Abdurahiman dismissed the controversy, adding that a new sponsor has stepped in after the initial backer pulled out.

#### MESSI'S INDIA TRAIL: MIXED SIGNALS

What has muddled the picture further are reports of Messi's personal India itinerary—Kolkata (12th), Ahmedabad (13th), Mumbai (14th), and Delhi (15th), where he is expected to meet Prime Minister Narendra Modi.

The Sports Minister, however, clarified that these are part of Messi's private tour, separate from the official AFA commitment to Kerala.

#### BEYOND THE MATCH: A STADIUM DREAM

Abdurahiman also revealed his recent Spain visit wasn't just football diplomacy—it involved discussions with Spain's Sports Council about the proposed new international stadium project in Thiruvananthapuram, seen as a long-term legacy of hosting Messi and Co.

# China climbs to glory

IANS

CHENGDU

The Great Wall of Speed was unshakable in Chengdu as host nation China scaled new heights, sweeping both the men's and women's speed climbing relays at the World Games. With this, China wrapped up the climbing competition with a dazzling five out of six gold medals, turning the podium into a sea of red.

The brand-new relay format, making its debut at a major international stage, saw duos battle for combined times. And China didn't just win—it rewrote history.

#### Records tumble, rivals stumble

In the men's showdown, Chu Shouhong and Long Jianguo clocked 10.26 seconds in the final against young American challengers Michael Hom (18) and Logan Schlecht (17). Both climbed clean, but the Chinese pair proved unstoppable.

The US duo Samuel Watson and Zachary Hammer, despite Watson's shoulder injury, grabbed bronze by smashing a world record of 10.06 seconds against Indonesia. "The injury is manageable. I'll be back," Watson promised.

On the women's wall, China's Deng Lijuan and Zhou Yafei turned the sport into a masterclass of precision and power, breaking the world record not once, but three times in a single day—finally stopping the clock at 13.28 seconds. They beat compatriots Qin Yumei and Zhang Shaoqin in an all-China final.

# India vs China reload for Asian shooting supremacy

IANS

NEW DELHI

The guns are set, the targets are ready, and the stage is Shymkent, Kazakhstan, where the 16th Asian Shooting Championship (Rifle/Pistol/Shotgun) fires off on August 18. All eyes are on the India–China duel, a rivalry that has defined the continental shooting stage for decades.

#### REWIND TO CHANGWON

In the previous edition at Changwon, India produced a glittering show, returning with 59 medals (21 gold, 22 silver, 16 bronze)—their best-ever haul in the competition. Yet, it wasn't enough to upstage China, who topped with a whopping 78 medals (35 gold, 20 silver, 23 bronze).

#### INDIA'S BIGGEST SHOT YET

This time, India has raised the stakes, sending their largest-ever contingent of 182 shooters across 58 medal events, including 46 individual and 12 mixed team contests. With strength in numbers and recent Olympic-level consistency, India is aiming to rewrite history by dethroning China.

#### BEYOND THE OLYMPIC GUNS

While most Indian shooters will be competing in Olympic categories, the squad also features strong contenders in non-Olympic disciplines such as Centre-Fire, Standard Pistol, Free Pistol, Rifle Prone, and Shotgun Double-Trap. With multiple formats—individual, team, and mixed team—the opportunities for medals are plenty.

#### CONTINENTAL LANDSCAPE

Kazakhstan, the hosts, have fielded the second-largest contingent (111), banking on home advantage.

Korea (70), China (41), Iran (29), Chinese Taipei (24), Vietnam (20) are also in the hunt.

Shooters from the Middle East are expected to bring fierce competition, especially in Shotgun events.

#### ENTRY CODES & STRUCTURE

Seniors: 5 athletes per NOC, 3 eligible for medals.

Juniors: 6 entries, top 3 to finals (2 must be ≤18 yrs).

Youth: Organised under age ≤18 till Dec 31, 2025.

Mixed Teams: 2 per event, only 1 ranked highest to medal round; 2 bronze matches.

Teams: 1 per event, 3 scores combined.

#### THE BIG PICTURE

The Asian Shooting Championship, first staged in Tokyo in 1967, has always been a battle for continental dominance—with China traditionally in the driver's seat. But with a record Indian arsenal, the showdown in Shymkent could mark a turning point in Asian shooting supremacy.

## Indian cricket fraternity extends Janmashtami wishes

**NEW DELHI:** Members of the Indian cricket fraternity took to social media to extend warm wishes on the occasion of Janmashtami on Saturday, a festival celebrated as the birth of Lord Krishna.

Former Indian middle-order batter VVS Laxman wrote on X, "Wishing you and your family a very Happy Janmashtami! May Lord Krishna fill your life with joy, and prosperity."

International Cricket Council (ICC) chairman and former BCCI secretary Jay Shah posted, "Wishing you and your loved ones a joyful and blessed Krishna Janmashtami! On this auspicious occasion, may Lord Krishna's teachings inspire us to live with purpose, lead with compassion, and act with integrity."

## Padma Shri of swimming legend Bula Chowdhury stolen from home

IANS

KOLKATA

In a shocking theft that has rattled India's sporting fraternity, the Padma Shri award of iconic swimmer Bula Chowdhury — India's first woman to conquer the English Channel twice — has been stolen from her ancestral residence in Hind-Motor, Hooghly.

The internationally acclaimed swimmer, also an Arjuna Award winner and a former CPI(M) legislator, discovered the theft on Friday when she visited the residence where her trophies, shields, and medals were preserved. Alongside the Padma Shri, police confirmed that 10 medals and shields were stolen, many of them appearing gold-plated.

Breaking down in tears, Chowdhury accused the authorities of negligence.

"I earned those medals after a lot of hard work and struggle. Now most of them are gone. My question to Chief Minister Mamata Banerjee is: why could the police not prevent this robbery?" she said, her voice heavy with anguish.

Her brother Milan Chowdhury revealed that the Hind-Motor residence had suffered three prior robbery attempts. Complaints were filed each time, and even a police picket was deployed briefly — but later withdrawn. "Despite repeated alerts, the thefts did not stop," Milan said.

Deputy Commissioner Arnab Biswas of Chandernagore Police confirmed an investigation has been launched. "We have started a thorough probe. At first glance, all the stolen items appeared gold-made," he stated.

The theft is not just a personal loss but a blow to India's sporting heritage. Chowdhury's achievements include crossing seven seas across five continents, making her a pioneer in long-distance swimming and a source of pride for Bengal and the nation.


कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन
जिला, खरगोन म०प्र०

निविदा सूचना क्रमांक/76/MCK/16290 ई-टेंडर 12025 — खरगोन, दिनांक :- 08-08-25

- निविदा आमंत्रण सूचना-

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_443398_1 Date-08/08/2025 | वार्ड क्र. 1 मेलेश्वर मंदिर के पास मुक्तिधाम मार्ग पर सी.सी. रोड, रिटेनिंग वाल, क्रासिंग पाईप एवं सी.सी. प्लेटफार्म निर्माण कार्य। | 03 माह लागत 4231718/- | 5000/- 31738/- | 08/09/2025 5.30 PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खरगोन

(मोनू कर्मा) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खरगोन

(वीरेन्द्र सिंह चौहान) सभापति, लो.नि.विद्युत एवं यांत्रिकी नगर पालिका परिषद, खरगोन

(कमला कोल) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, खरगोन



कार्यालय नगर पालिक निगम, बुरहानपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्र.- Project/Amrut/2025/04 — बुरहानपुर दिनांक 14/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर आई.डी.नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_444625_1 | Survey, Soil investigation, Design, Construction and commissioning of Sewerage network in Burhanpur Municipal area including sewerage pipelines, construction of manholes, house sewer chambers and connections, Construction, supply, erection, and Commissioning of Sewerage Pumping Station (SPS), Sewage treatment plant, HT feeder connection and installation of required transformer, Construction of Interception and diversion near Tapi River Bank and connection to proposed gravity sewer line, assessment of existing sewerage network, PLC- SCADA and OCMS for monitoring and controlling of sewerage system and operation and Maintenance of the scheme for 10 years after completion of works. | 24 माह 7225.05 लाख | 50,000/- एवं 36,12,527/- | 09/09/2025 17:30 |

उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वेबसाईट पर ही दिखाई देगा। आयुक्त, नगर पालिक निगम, बुरहानपुर



कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(उद्यान विभाग सिविल मुख्यालय)

E-mail: gardendepartmentcivil@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 25/उ.सिविल/25-26/जी-01-03

निविदा आमंत्रण

दिनांक: 12.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge, SOR/ NON SOR, DATE 02.08.2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर आईडी | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_443925_1 | उद्यान विभाग के अंतर्गत झोन क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 32 के अंतर्गत आने वाले रघुनंदन बाग में पंचमुखी शिव मंदिर के सामने उद्यान का विकास करना। | 120 दिवस ₹19,26,786/- | ₹2,000/- ₹14,500/- | 27.08.2025 6.00 PM 29.08.2025 |
| 02 | 2025_UAD_443928_1 | उद्यान विभाग के अंतर्गत झोन क्रमांक 05 वार्ड क्रमांक 21 के अंतर्गत आने वाले समस्त उद्यानों में पुताई कार्य करना एवं अन्य आवश्यक रिपेयर कार्य करना। | 180 दिवस ₹22,76,770/- | ₹5,000/- ₹17,100/- | 27.08.2025 6.00 PM 29.08.2025 |
| 03 | 2025_UAD_443932_1 | उद्यान विभाग के अंतर्गत झोन क्रमांक 16 वार्ड क्रमांक 01 के अंतर्गत सिरपुर उद्यान में फाउंटेन लगाना। | 90 दिवस ₹5,31,362/- | ₹ 2,000/- ₹5,350/- | 27.08.2025 6.00 PM 29.08.2025 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री उद्यान सिविल नगर पालिक निगम, इन्दौर



D.P. WIRES LIMITED

16-18A, INDUSTRIAL ESTATE, RATLAM (M.P.) 457001 L27100MP1998PLC029523

Website : www.dpwires.co.in Email : investors@dpwires.co.in

EXTRACT OF FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED ON 30TH JUNE 2025

(Rs. in Lakh except EPS)

| | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30th June, 2025 Unaudited | 31st March, 2025 Audited | 30th June, 2024 Unaudited | 31st March, 2025 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 12833.96 | 14014.99 | 18410.84 | 62982.81 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional item) | 487.69 | 583.98 | 956.66 | 2997.28 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional item) | 487.69 | 583.98 | 956.66 | 2997.28 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional item) | 359.70 | 403.73 | 718.79 | 2220.49 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 360.34 | 403.97 | 719.56 | 2223.04 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10 each) | 1550.04 | 1550.04 | 1550.04 | 1550.04 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as per the audited Balance Sheet of the previous year) | -- | -- | -- | -- |
| 8 | Earnings Per Share (face value of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | Basic: (not annualized for the quarter ended) | 2.32 | 2.60 | 4.64 | 14.33 |
| | Diluted: (not annualized for the quarter ended) | 2.32 | 2.60 | 4.64 | 14.33 |

Notes:-

1. The above financial is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the National Stock Exchange of India Limited and BSE under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results for the quarter ended 30th June 2025 are available on the Website of NSE & BSE at www.nseindia.com& www.bseindia.comand Company's website at www.dpwires.co.in
2. The above financial results have been prepared in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the Ind AS prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with relevant rules issued there under and other accounting principles generally accepted in India and in compliance with regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015(As amended), including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Date: August 14, 2025

Place: Ratlam

For, D. P. WIRES LIMITED

Sd/-

PRAVEEN KATARIA (MANAGING DIRECTOR)

DIN No. - 00088633